नैक द्वारा ग्रेड प्राप्त

महावि.कोड क्र.–1203

# कार्यालय प्राचार्य

## शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भाटापारा

## जिला– बलौदाबाजार–भाटापारा (छ.ग.) 493118

**PH:07726-220312** **Website: www.gnapgcollege.in** **Email: govtgnapgcollege@gmail.com**

भाटापारा, दिनांक 10/08/2026

## //सूचना//

महाविद्यालय समस्त छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर का पत्र क्रमांक GENS-11/9138/2026-SAMNVAY नवा रायपुर दिनांक 06/08/2026 अनुसार राष्ट्रीय अप्रेंटिस प्रशिक्षण योजना के प्रसार प्रचार के तहत समस्त विद्यार्थियों को शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के अधीनस्थ संचालित बोर्ड ऑफ अप्रेंटिसशिप मुंबई द्वारा संचालित नेशनल अप्रेंटिसशिप ट्रेंनिंग स्कीम जिसका उद्देश्य स्नातक व डिप्लोमा धारक विद्यार्थियों को उद्योगों में प्रशिक्षण का अवसर प्रदान करना है। इस हेतु समस्त विद्यार्थियों को लाभान्वित करने योजना से अवगत कराते हुए आपको यह जानकारी प्रेषित की जा रही है जिससे आप सभी इस योजना से लाभान्वित हो सके हैं।

इस योजना के तहत स्नातक प्रशिक्षुओं को लगभग 12300 प्रतिमाह एवं डिप्लोमा प्रशिक्षुओं को 10900 प्रतिमाह स्टाइपेंड भारत सरकार द्वारा प्रदान किया जावेगा।

अतः उक्त सूचना भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप के साथ प्रेषित है।

संलग्न– शासन का पत्र।

10/8/26

10/08/2026

(डॉ.ए.आर. ...)
प्राचार्य
शास.गज.अग्र.स्नातको. महाविद्यालय भाटापारा
जिला–बलौदाबाजार–भाटापारा (छ.ग.)

**BOARD OF APPRENTICESHIP TRAINING (WESTERN REGION),MUMBAI**
An autonomous organization of
Ministry of Education, Department of Higher Education, Government of India

NSTI CAMPUS, VN PURAV MARG,
SION, MUMBAI - 400 022
e-mail *general*: director.boatwr@gmail.com

Phone: ☎ 2405 56 35 / 2405 36 82
Fax: ☎2405 59 23 / 2405 35 02
Website:https://nats.education.gov.in

Ref. No: BOATWR/REQ/26-27/112 Date: 05/8 /2026

प्रति,
माननीय आयुक्त महोदया
उच्च शिक्षा विभाग
इंद्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर,
रायपुर छत्तीसगढ़, 492002

**विषय:** राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण योजना-NATS (National Apprenticeship Training Scheme) के प्रचार-प्रसार एवं आवश्यक डेटा उपलब्ध कराने हेतु निवेदन |

**महोदया,**

सविनय निवेदन है कि बोर्ड ऑफ़ अपरेंटिसशिप (WR) मुंबई द्वारा National Apprenticeship Training Scheme (NATS) का संचालन किया जाता है। यह योजना शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन है और इसका उद्देश्य स्नातक एवं डिप्लोमा धारक विद्यार्थियों को उद्योगों में प्रशिक्षण अवसर प्रदान कर उन्हें रोजगारोन्मुख बनाना है।

अप्रेंटिस अधिनियम, 1961 के अनुसार, जिन प्रतिष्ठानों में 30 या उससे अधिक मानवबल है, उनके लिए कुल मानवबल का न्यूनतम 2.5% से अधिकतम 15% तक प्रशिक्षुओं को रखना अनिवार्य है। यह वैधानिक प्रावधान अनुपालन सुनिश्चित करता है और कार्यबल विकास में सहायक है। इस वैधानिक अनुपालन को NATS पोर्टल के माध्यम से सरलता से पूरा किया जा सकता है, जिससे उद्योग न केवल अधिनियम के अनुरूप रहते हैं बल्कि उन्हें वजीफा(स्टाइपेंड) साझा करने का लाभ भी प्राप्त होता है।

योग्यता –फ्रेशर्स (काम का कोई पिछला अनुभव नहीं) जिन्होंने पिछले 5 सालों में ग्रेजुएशन/डिप्लोमा पूरा किया है।

प्रशिक्षुओं को मासिक वजीफा(स्टाइपेंड) प्रदान किया जाता है, जिसमें:

- स्नातक प्रशिक्षु: ₹12,300 प्रति माह न्यूनतम
- डिप्लोमा प्रशिक्षु: ₹10,900 प्रति माह न्यूनतम

इसमें से 50% वजीफा शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सीधे प्रशिक्षु के बैंक खाते में DBT (Direct Benefit Transfer) के माध्यम से जमा किया जाता है, जिससे उद्योगों पर वित्तीय बोझ कम होता है।

एनएटीएस के प्रभावी प्रचार-प्रसार एवं अभ्यर्थियों को अधिकतम लाभ पहुँचाने हेतु निम्नलिखित निवेदन प्रस्तुत हैं:

1. **कॉलेज वेबसाइट एवं जागरूकता सत्र:** सभी कॉलेजों की आधिकारिक वेबसाइट पर एनएटीएस की जानकारी प्रकाशित करने तथा विद्यार्थियों के लिए जागरूकता हेतु भौतिक सत्र आयोजित करने का निर्देश प्रदान करने की कृपा करें।
2. **कॉलेज एवं विश्वविद्यालय का डेटा:** कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों का विस्तृत डेटा (जिसमें उनकी intake capacity, course offered तथा SPOC contact details सम्मिलित हों) उपलब्ध कराया जाए, ताकि intake capacity के अनुसार लक्षित संस्थानों में एनएटीएस का अधिकतम प्रचार-प्रसार किया जा सके।
3. **पूर्व छात्र (Alumni) डेटा:** कॉलेजों/विश्वविद्यालयों का Alumni data उपलब्ध कराया जाए, जिससे उन्हें bulk email / message के माध्यम से एनएटीएस की जानकारी पहुँचाई जा सके।

अतः निवेदन है कि उपरोक्त बिंदुओं पर विचार कर आवश्यक कार्यवाही करने की कृपा करें।

भवदीय,

सोनू उके
संपर्क अधिकारी
WhatsApp और मोबाइल नंबर: 8770276715
संपर्क हेतु ईमेल: vvd.boatwr@gov.in,sonuu.boatwr@gmail.com,vikramboat@gmail.com,